# बंटवारे के सबसे दर्दनाक दौर की झलक बंटवारा 1947

**फिल्म बंटवारा 1947 में शबाना आजमी, सनी देओल, प्रीति जिंटा, करण देओल, अली फज़ल और अभिमन्यु सिंह जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे।**

सनी देओल एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ाने आ रहे हैं। एक्टर इस बार बंटवारा 1947 से धमाल मचाएंगे। दिलचस्प बात ये है कि आमिर खान प्रोडक्शंस की सनी स्टारर इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है। फिलहाल फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट पीक है। वहीं मेकर्स ने 28 जुलाई, मंगलवार को फिल्म का मच अवेटेड ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है जो बेहद धांसू है।

**कैसा है बंटवारा 1947 का ट्रेलर?** –आमिर खान प्रोडक्शंस की बंटवारा 1947 इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म के मेकर्स ने इसके इमोशनल पोस्टर्स और दमदार टीजर्स रिलीज करके पहले ही फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट को पीक पर पहुंचा दिया था। इन झलकियों से साफ हो गया था कि फिल्म मुश्किल हालात में इंसान के हौसले और जिंदा रहने की जंग की बड़ी कहानी दिखाने वाली है। वहीं अब लंबे इंतजार के बाद मेकर्स ने बंटवारा 1947 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो भारत के बंटवारे के सबसे दर्दनाक दौर की एक भावुक झलक दिखाता है।

ट्रेलर इस यादगार कहानी के बड़े पैमाने और उसके इमोशनल सफर को बखूबी दिखाता है, 1947 के बंटवारे के बैकग्राउंड पर बनी यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से पूरी तरह बदल जाती है, जो लोग कभी साथ रहते थे, वे बंटवारे की आग में एक-दूसरे से बिछड़ जाते हैं, लेकिन इतने दर्द और बिछड़ने के बाद भी फिल्म यह दिखाती है कि नफरत से ऊपर इंसानियत होती है और सबसे मुश्किल वक्त में भी उम्मीद का साथ नहीं छोड़ना चाहिए।

**ट्रेलर से मिली स्टार कास्ट के किरदारों की झलक**–सनी देओल ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता। वहीं शबाना आज़मी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जिनकी समझदारी, सादगी और मजबूत सोच पूरी कहानी की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आती है, प्रीति जी जिंटा एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जो बेहद मुश्किल हालात में भी अपने परिवार को एकजुट रखने की पूरी कोशिश करती है।

ट्रेलर में बंटवारे का दर्द, इमोशन्स और शानदार विजुअल्स देखने को मिलते हैं। यह सिर्फ उस त्रासदी को नहीं दिखाता, बल्कि उन आम लोगों की कहानी भी सामने लाती है, जिन्होंने इतने मुश्किल दौर में भी अपनी इंसानियत, अपनापन और हिम्मत को जिंदा रखा। ओवरऑल ट्रेलर काफी जबरदस्त है और इसे देखने के बाद फैंस फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं।

**बंटवारा 1947 को क्या मिला है सर्टिफिकेशन**–बता दें कि बीते दिन सनी देओल ने अपने इंस्टा स्टोरी पर बंटवारा 1947 के ट्रेलर रिलीज को लेकर अपडेट दिया था। साथ ही ये भी खुलासा किया था कि फिल्म को सीबीएफसी से क्या सर्टिफिकेट मिला है। सनी ने बताया था कि बंटवारा 1947 को सीबीएफसी ने जीरो कट के साथ मंजूरी दी है और इसे ए सर्टिफिकेट मिला है।

**सनी ने बंटवारा 1947 के ट्रेलर को देश की हर मां को किया डेडिकेट**–सनी देओल ने बीते दिन अपने इंस्टा अकाउंट पर अपनी मां संग अपनी तस्वीर शेयर कर बंटवारा 1947 का ट्रेलर देश की हर मां को डेडिकेट किया था। एक्टर ने अपनी पोस्ट में लिखा है, मेरी मां ही मेरा रब हैं। मेरा प्यार, मेरा हौसला, मेरी ताकत। बंटवारा 1947 में अपनी मां और दुनिया की हर मां को समर्पित करता हूं।

**बंटवारा 1947 स्टार कास्ट**–बंटवारा 1947 में शबाना आजमी, सनी देओल, प्रीति जी जिंटा, करण देओल, अली फज़ल और अभिमन्यु सिंह जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। खास बात यह है कि करीब 30 साल बाद राजकुमार संतोषी और सनी देओल की सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर साथ आई है।

**बंटवारा 1947 के बारे में**–आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी बंटवारा 1947 का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है। इस फिल्म का म्यूजिक ए। आर। रहमान ने दिया है, जबकि गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं। फिल्म को आमिर खान और अपरणा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है,

**बंटवारा 1947 कब होगी रिलीज?** –बता दें कि सनी देओल की बंटवारा 1947 स्वतंत्रा दिवस के मौके पर यानी 14 अगस्त 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उम्मीद की जा रही है कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर देगी।




# रामायणम : रणबीर पर भारी पड़े रावण यश, सीता बन नहीं जमीं साई पल्लवी






रामायणम का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है और फैंस खूब तारीफ कर रहे हैं। राम बने रणबीर कपूर के अलावा लंकापति यश, कैकेयी बनीं लारा दत्ता, सीता बनीं साई पल्लवी के अलावा विवेक ओबेरॉय की झलक देख फैंस झूम उठे। एक सीन की तो खूब तारीफ हो रही है। पढ़िए रामायणम का ट्रेलर देख लोग क्या कुछ बोल रहे हैं।

रामायणम के ट्रेलर का काफी लंबे समय से बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था, और अब जब इसे 30 जुलाई को सुबह 4:15 बजे ब्रह्म मुहूर्त में रिलीज किया गया, तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ट्रेलर लीक होने के बावजूद इसे दमदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। तड़के सुबह उठकर ही लोगों ने इसे देखा और सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

ट्रेलर देख लोगों ने इसके विशाल सेट और वीएफएक्स की तारीफ तो की है, यश को भी लंकापति के आक्रामक रूप में तारीफें मिल रही हैं, पर उनके साथ इंडियन बोलने के लहजे ने निराश किया है। लोगों का कहना है कि रावण जैसे दमदार किरदार के लिए यश की आवाज भी भारी और एकदम दमदार होनी चाहिए थी, कुछ ऐसी जिसे सुनते ही खौफ पैदा हो जाए। डायलॉग डिलीवरी और लुक्स के मामले में रणबीर उन्हें थोड़े फीके जरूर लगे हैं।

वहीं घुंघराले बालों में सीता बनीं साई पल्लवी को देख भी लोग निराश हैं। उन्हें उनके चेहरे में वो भव्यता और सौम्यता नजर नहीं आई, जो देवी सीता के रोल में थी। हालांकि, एक सीन ने सबका दिल जीत लिया है और वह है रावण के साथ गरुण का युद्ध। वहीं, फैंस का कहना है कि इस फिल्म को ऑस्कर मिलेगा। रामायणम का ट्रेलर देख लोग क्या कुछ बोल रहे हैं।

**रावण बन जबरदस्त लगे यश, पर साउथ इंडियन लहजा**–एक ने लिखा, यश रावण के रोल में जबरदस्त लग रहे हैं। लेकिन उनकी आवाज में साउथ इंडियन लहजा सुनाई दे रहा है। रावण के तौर पर उनकी आवाज भारी और डायलॉग डिलीवरी एकदम साफ होनी चाहिए, जो ट्रेलर में नहीं दिख रही है।

**रामायणम का पहला पार्ट 8 नवंबर को रिलीज**–रामायणम का पहला पार्ट 8 नवंबर को दिवाली पर रिलीज होगा। फिल्म में लारा दत्ता, विवेक ओबेरॉय, कुणाल कपूर, रकुल प्रीत सिंह, रवि दुबे, शीबा चड्ढा, इंदिरा कृष्णन, सनी देओल और अरुण गोविल समेत कई सितारे हैं। फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपये है।

# नारायणी शास्त्री बोलीं- इंडस्ट्री की पार्टियों में अब ड्रग्स का बजट बनता है

नारायणी शास्त्री ने दावा किया कि पहले एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की पार्टियों में शराब के लिए अलग बजट होता था, लेकिन अब कई जगह ड्रग्स के लिए भी अलग बजट रखा जाने लगा है। उन्होंने कहा, च्पहले पार्टियों में शराब का बजट होता था। अब ड्रग्स का बजट होता है। जब मैंने यह देखा तो मैं हैरान रह गई। उन्होंने कहा कि यही वजह थी कि धीरे-धीरे उन्होंने ऐसी पार्टियों से दूरी बनानी शुरू कर दी। उनके मुताबिक, जो महफिलें कभी सिर्फ मेल-मिलाप का जरिया थीं, अब उनका माहौल पूरी तरह बदल चुका है।

**नारायणी शस्त्री ने किन ड्रग्स का लिया नाम और क्या लगाया आरोप?**–इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने किन ड्रग्स का इस्तेमाल होते देखा है तो उन्होंने कोकीन और एमडीएमए का नाम लिया। उनका दावा था कि छोटी पार्टियों में ऐसी गतिविधियां ज्यादा खुलकर होती हैं, जबकि बड़ी पार्टियों में इन्हें ज्यादा गोपनीय तरीके से अंजाम दिया जाता है। हालांकि, उन्होंने किसी एक्टर, प्रोडक्शन हाउस या इवेंट होस्ट का नाम नहीं लिया और कहा कि वह हर इंसान को पर्सनली से नहीं जानती थीं।

**दावा- ड्रग्स की वजह से 4 घंटे तक रुकी शूटिंग?**–नारायणी शास्त्री ने दावा किया कि ड्रग्स का कथित असर सिर्फ पार्टियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कई बार शूटिंग भी प्रभावित होती है। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक कलाकार की हालत ऐसी थी कि वह खड़ा होने की स्थिति में भी नहीं था। उनके मुताबिक, उस कलाकार की वजह से शूटिंग करीब चार घंटे तक रुकी रही और पूरी यूनिट इंतजार करती रही। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में निर्माता भी मुश्किल में पड़ जाते हैं क्योंकि किसी लीड एक्टर को बीच में बदलना आसान नहीं होता।

**क्या खुद भी ड्रग्स ट्राई कर चुकी हैं नारायणी शास्त्री?**–इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने अपने अतीत को लेकर भी खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने जिज्ञासा के कारण एक बार कुछ अवैध नशीले पदार्थों को आजमाया था। उन्होंने कहा कि मैंने अलग-अलग चीजें सिर्फ एक बार इसलिए ट्राई की थीं कि उनका असर समझ सकूं। लेकिन यह कभी मेरी आदत नहीं बनी और न ही मुझे इसकी लत लगी।

**कौन हैं नारायणी शास्त्री?**–48 साल की नारायणी शास्त्री पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस और थिएटर आर्टिस्ट हैं। उन्होंने क्योंकि सास भी कभी बहू थी में अनुपम कपिया, पिया का घर में रिमझिम, नमक हराम में स्वाति, रिश्तों का चक्रव्यूह में सतरूपा और आपकी न?रों ने समझा में राजवी जैसे रोल से पहचान बनाई है। पिछली बार वे नयनतारा (2025-2026) सीरियल में दिखाई दी थीं।

# यामी के हाथ लगी बड़ी फिल्म ...



यामी गौतम कहानी 3 में मुख्य भूमिका निभाएंगी और सुजॉय घोष एक बार फिर डायरेक्टर के तौर पर वापसी करेंगे। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी की दुनिया में एक नई कहानी दिखाएगी। हाल ही में 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में यामी गौतम को फिल्म आर्टिकल 370 के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। यामी कहानी 3 में लीड रोल निभाएंगी और डायरेक्टर सुजॉय घोष इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और टीम फिल्म के दूसरे पहलुओं पर काम कर रही है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, पहली दो फिल्मों में विद्या बालन लीड रोल में थीं, लेकिन कहानी 3 इस फ्रेंचाइजी को एक नई दिशा में ले जाएगी।

कहा जा रहा है कि यह फिल्म पिछली फिल्मों की कहानी को आगे नहीं बढ़ाएगी, बल्कि कहानी की दुनिया में सेट एक नई कहानी होगी। मेकर्स अभी शूटिंग की टाइमलाइन पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि जल्द ही शेड्यूल तय कर लेंगे।

पोर्टल ने एक सोर्स के हवाले से कहा, कहानी 3 पूरी तरह से एक नई कहानी है। मकसद फ्रेंचाइजी को आगे ले जाना है, साथ ही उस दुनिया के मूल भाव को बनाए रखना है जिसे दर्शकों ने पसंद किया है। यामी गौतम लीड रोल में आ रही हैं और उनके किरदार का आर्क बहुत मजबूत है। सोर्स ने आगे कहा, फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और टीम शूटिंग की टाइमलाइन पर काम कर रही है। फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों में विद्या बालन लीड रोल में थीं और सुजॉय घोष ने दोनों को डायरेक्ट किया था।

तीसरी फिल्म के लिए सुजॉय की वापसी पर सोर्स ने कहा, कहानी की दुनिया के लिए सुजॉय का विजन बहुत साफ है। वह टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि यह पक्का किया जा सके कि तीसरी फिल्म नई लगे लेकिन उसमें फ्रेंचाइजी की आत्मा भी बनी रहे।

सोर्स ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, यामी के साथ काम करने को लेकर काफी उत्साह है और मेकर्स अभी शूटिंग शेड्यूल तय कर रहे हैं। यामी आखिरी बार अपने पति आदित्य धर की डायरेक्ट की गई फिल्म धुरंधर: द रिवेंज (2026) में एक कैमियो रोल में दिखी थीं, जिसमें रणवीर सिंह लीड रोल में थे।

# दीपशिखा तीसरी शादी को तैयार...



लगता है बॉलीवुड और टेलीविजन की दुनिया की फेमस एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल को उनका जीवनसाथी फाइनली मिल गया है। वो इन दिनों उसी के साथ घूमती दिखाई देती हैं।

दीपशिखा नागपाल को मिला जीवनसाथी –वो कई बार बता चुकी हैं कि वो एक बार फिर शादी करने को बेकरार हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पार्टनर संग पूजा पाठ भी की। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आईं तो धमाल ही मच गया। दीपशिखा उनके साथ पोज करती दिखीं।

दीपिशिखा ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड विस्तास्प गोटला के साथ मुंबई के श्री बाबुलनाथ मंदिर के दर्शन किए। वो महादेव की पूजा करती दिखीं। एक्ट्रेस बेहद सिंपल लुक में नजर आईं। हालांकि इस दौरान एक बात चौंकाने वाली भी रही। दीपशिखा के प्रोफाइल पर ये पोस्ट बाद में एडिटेड दिखने लगी। सिर्फ उनकी एक महादेव नतमस्तक होने वाली तस्वीर को छोड़कर बाकी विस्तास्प के साथ की सभी फोटोज गायब दिखीं। साथ ही दीपशिखा के कैप्शन ने भी लोगों को खूब हैरान किया। एक्ट्रेस ने लिखा- मेरे चेहरे पर दिखने वाली मुस्कान का मतलब ये नहीं कि मेरी लाइफ में सब ठीक है। मैं बस उसकी शुक्रगुजार हूं जो मेरे पास है और भगवान ने मुझे दिया है।

दीपशिखा की विस्तास्प के साथ की फोटोज सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं। लेकिन उनके इस पोस्ट ने फैंस की चिंता को बढ़ा दिया है। वो कह रहे हैं- सब ठीक है कि नहीं। आपकी बॉन्डिंग देखकर लगा था कि आपको फाइनली पार्टनर मिल गया है।अगर दीपशिखा के इंस्टा प्रोफाइल को देखा जाए तो विस्तास्प के साथ ही पुरानी फोटोज और वीडियोज अब भी मौजूद हैं, ऐसे कई यूजर्स सवाल उठा रहे हैं कि दोनों के बीच रिश्ता क्या है। दीपशिखा के खास दोस्त विस्तास्प पेशे से थिएटर प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और एक्टर हैं। दोनों के बीच उम्र का भी काफी फासला है। एक्ट्रेस 49 साल की हैं तो वहीं विस्तास्प 30 के आसपास बताए जाते हैं। दीपशिखा ने पहली शादी जीत उपेंद्र से 1997 में की थी। हालांकि ये शादी 10 साल चली और फिर दोनों अलग हो गए। इस शादी से दीपशिखा को दो बच्चे हैं- वेदिका उपेंद्र और विवान उपेंद्र। जीत उपेंद्र एक एक्टर हैं जिन्होंने मलयालम, गुजराती और हिंदी फिल्मों में काम किया है।

# आम्रपाली दुबे, नीलम और रानी चटर्जी ने बॉलीवुड एक्ट्रेसेस का उड़ाया मजाक



आम्रपाली दुबे, रानी मुखर्जी और नीलम गिरी ने बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के बोटॉक्स और सर्जरी करवाने का मजाक उड़ाया और फिर तंज कसते हुए कहा कि हमारा सबकुछ नैचुरल है। सब माल असली है। पर बॉलीवुड में होते तो बतख जैसे होंठ और सर्जरी करवानी पड़ती। फिर तीनों ठहाके लगाकर हंसती हैं।

भोजपुरी एक्ट्रेसेस आम्रपाली दुबे, नीलम गिरी और रानी चटर्जी ने बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के सर्जरी कराने पर तंज कसा है और जमकर मजाक उड़ाया है। तीनों भोजपुरी बालाओं ने बॉलीवुड की उन हसीनाओं को निशाने पर लिया, जो खूबसूरत दिखने, कुछ बॉडी पार्ट्स को उभारने और होठों के लिए सर्जरी का सहारा लेती हैं। आम्रपाली, नीलम और रानी चटर्जी ये सब बातें भोजपुरी बवाल रियलिटी शो में करती दिखीं, जिसका एक अनकट वीडियो सामने आया है, और यह मेकअप रूम का है। वीडियो में मेकअप के दौरान नीलम गिरी बात छेड़ती हैं और रानी चटर्जी से पूछती हैं कि क्या उन्होंने बोटॉक्स करवाया है? इस पर रानी हंसती हैं और कहती हैं कि उनका सबकुछ नैचुरल है। फिर आम्रपाली दुबे पूछती हैं कि सारा माल असली है? इस पर तीनों हंसती हैं और फिर बॉलीवुड एक्ट्रेसेस पर तंज कसती हैं। उन्होंने दावा किया कि भोजपुरी एक्ट्रेसेस को बॉलीवुड की तरह बोटोक्स,प्लास्टिक या लिप सर्जरी नहीं करवानी पड़ती।

**आम्रपाली ने पूछा- माल असली है? रानी बोलीं- सब नैचुरल है हमारा**–प्रोमो में नीलम गिरी, रानी चटर्जी से पूछती हैं, मुझे ये जानना है कि आपने कौन सा बोटॉक्स किया है। रानी को शॉक लगता है और वह आम्रपाली दुबे की ओर देखकर कहती हैं, भोजपुरी एक्ट्रेस और बोटॉक्स? सब कुछ नैचुरल है हमारा। तब आम्रपाली इशारा करके पूछती हैं- वो भी नहीं? रानी शरमा जाती हैं और उन्हें चुप करवाते हुए बोलती हैं- नहीं। आम्रपाली फिर पूछती हैं, ये सब माल असली है? फिर रानी भी कहती हैं-मैं तुमसे पूछती हूं सब माल असली है ना? क्या पूछ रही हूं मैं, छी। क्या कर रहे हो तुम लोग? फिर नीलम, आम्रपाली और रानी तीनों जोर से हंसने लगती हैं।

**बॉलीवुड में होते तो करवाना पड़ता, बतख जैसे होंठ**–रानी चटर्जी फिर बोलीं, मुझे लगता है कि अगर बॉलीवुड में होती, तो वहां करवाना पड़ता यार। इसके बाद वह, आम्रपाली दुबे और नीलम मिलकर बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के चेहरे, फिलर्स और सर्जरी का मजाक उड़ाती हैं। नीलम कहती हैं कि सर्जरी कराकर होंठ ऐसे बतख जैसे करवा लेती हैं। आम्रपाली भी पीछे नहीं रहती हैं और मुंह बनाकर दिखाती हैं कि लिप फिलर्स करा लेती हैं और फिर होंठ ऐसे हो जाते हैं (एक्टिंग करके दिखाती हैं)।

**2 अगस्त से भोजपुरी बवाल, ये हैं कंटेस्टेंट्स**–भोजपुरी बवाल रियलिटी शो की बात करें, तो यह 2 अगस्त से कलर्स टीवी चैनल के अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाएगा। शो में आम्रपाली दुबे, रानी चटर्जी और नीलम गिरी के अलावा काजल राघवानी, पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, तेज प्रताप यादव और निरहुआ तक नजर आएंगे। हाल ही इसके कुछ प्रोमो सामने आए, जो दर्शकों के दिलों को छू गए। एक में आम्रपाली रोती नजर आईं, तो दूसरे में पवन सिंह मां के लिए भावुक हो गए थे।

